卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 161 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦20 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बोलेरो खाई में गिरी, दो की मौत

रूद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। बदरीनाथ हाईवे पर शिवानंदी में मंगलवार देर रात एक बोलेरो वाहन खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी। वाहन में दो लोग ही सवार थे। जानकारी के अनुसार रूद्रप्रयाग के शिवानंदी क्षेत्र में देर रात एक बोलेरो वाहन संख्या यूके 02सीए 0826 अनियंत्रित होकर 700 मीटर गहरी खाई में गिर गया। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ टीम के निरीक्षक करण सिंह आवश्यक उपकरणों और टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद घटना स्थल पर पहुँचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए एक शव को बरामद कर वैकल्पिक मार्ग से होते हुऐ मुख्य मार्ग तक लाया गया जबकि दूसरे व्यक्ति का शव वाहन के नीचे दबा हुआ था। टीम ने देर रात्रि तक कड़ी मशक्कत करते हुए वाहन को काटकर दूसरे व्यक्ति के शव को निकाल कर मुख्य मार्ग (शेष पृष्ठ सात पर)



## पैर फिसलने से खाई में गिरा युवक

भीमताल(उद संवाददाता)। तल्लीताल–बोहराकून मोटर मार्ग पर सुसाइड प्वांइट के पास रात पैर फिसलने से एक युवक खाई में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव खाई से निकाला। घटना मंगलवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे की है। बताया जाता है कि दो युवक बाईक पर सवार होकर तल्ली ताल–बोहराकून मोटर मार्ग से गुजर रहे थे। इसी बीच लघुशंका के लिए रूके दोनों युवकों में से एक युवक लघुशंका करते समय पैर फिसलने से खाई में जा गिरा। युवक के साथी ने 112 में फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने बताया कि हरिनगर (शेष पृष्ठ सात पर)



## फैक्ट्री घाटे में चलने से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम शिमला पिस्तौर स्थित एक फैक्ट्री के निरंतर घाटे में चलने से परेशान फैक्ट्री स्वामी ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां मौजूद लोगों से आवश्यक जानकारी लेने के बाद शव को फांसी से उतार कर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बगवाड़ा चौकी के उप निरीक्षक मोहन जोशी ने बताया कि मूल रूप से खड़कापारा पश्चिम मुम्बई निवासी 40 वर्षीय अमित लोखण्डे पुत्र रमेश यहां ग्रीन होम में रहता था और ग्राम शिमला पिस्तौर स्थित रामदास इंटरप्राईजेज का स्वामी था। उन्होंने बताया कम्पनी के पिछले काफी समय से घाटे में होने के कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। गत दिवस अमित प्रात: करीब 11 बजे अपने कमरे में गया था लेकिन उसके बाद वह कमरें से बाहर नहीं निकला। जिस पर शाम को कम्पनी के लोगों ने उसके कमरे में जाकर देखा तो अमित कमरे में फांसी पर लटका हुआ था। उप निरीक्षक मोहन जोशी ने बताया कि शाम को जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मियों नें मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को फांसी से उतार कर अपने कब्जे में लिया। जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## सड़क दुर्घटना में महिला की जान गई

रामनगर(उद संवाददाता)। मंगलवार देर शाम एक महिला अपने पति के साथ बाइक से घर से बाजार की ओर आ रही थी इसी बीच अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए तुरंत रामनगर की सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया घटना के संबंध में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहल्ला भरतपुरी निवासी चंद्रपाल सिंह अपनी पत्नी ओमवती के साथ घर से बाइक पर सवार होकर बाजार की ओर आ रहे थे इसी बीच लखनपुर क्षेत्र में अज्ञात वाहन के चालक में बाइक में टक्कर मार दी जिसमें उक्त महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसकी अस्पताल में ले जाने के बाद दर्दनाक मौत हो गई उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस जांच कर रही है तथा परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी वहीं घटना के बाद मृतक महिला के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।





## श्रमिक के खाते से उड़ाये बीस हजार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक के खाते से 20 हजार रूपये निकाल लिए जाने का मामला सामने आया है। नारायण कालोनी ट्रांजिट कैम्प निवासी अरूण राजभर पुत्र जयराम ने बताया कि आज प्रात: जब वह सोकर उठा तो उसने मोबाईल चार्जिग पर लगाया उसे मोबाईल पर एक मैसेज दिखाई दिया जिसमें उसके खाते से 20 हजार रूपये निकाला जाना बताया गया था। अरूण का कहना था कि जिसके खाते में रूपये ट्रांसफर किये गये थे वह उसे नहीं जानता है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा इस कार्य को किया गया है। उसने अपना मोबाईल किसी को दिया भी नहीं था।

## श्री हरि गुरु सहायता समिति पर लाखों की धोखाधड़ी का केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। न्यायालय के आदेश पर श्री हरि गुरु सहायता समिति बिलासपुर गोकुल नगरी के सदस्यों पर धोखाधड़ी मुकदमा दर्ज किया गया है। समिति द्वारा कई लोगों को ढाई साल में रुपए जमा करने पर उनको डबल करके वापस लौटने का आश्वासन देती है। पीड़ित दीप कुमार शाह ने अपना पैसा समिति में जमा किया और ढाई साल बाद जब वह अपना पैसा लेने गया तो समिति के सदस्यों ने उसे वहां गाली गलौच कर भगा दिया। दीप ने थाने में शिकायत की। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर उसने एसपी के माध्यम से शिकायत की। उस पर भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई तब अधिवक्ता अभिषेक गुप्ता द्वारा साक्ष्य प्रस्तुत कर कोर्ट में मुकदमा दाखिल कराया गया। दर्ज रपट में दीप कुमार साह ने कहा है कि उसके सहित पांच लोगों के पास लगभग 6 वर्ष पूर्व समिति के सदस्य न्यूटन तरफदार, गौर ढाली, दिनेश व्यापारी व नंद गोपाल गोलदार आये और चिटफंड के बारे में समझाया और आश्वासन दिया कि आप लोग हमारे श्री हरि स्वयं सहायता समूह के सदस्य बनकर अपना रूपया समूह में जमा कराओं हम सभी सदस्यों के जमा किये गये रूपये में 3 प्रतिशत मासिक ब्याज के हिसाब से हर साल ब्याज के साथ मूल धन वापस करेंगे और यह भी आश्वासन दिया कि हर साल के हिसाब से जो भी मूलधन व ब्याज होगा वह जोड़कर मूलधन बन जायेगा फिर अगले वर्ष मूलधन व ब्याज होगा यह जोड़कर मूलधन बन जायेगा। इससे आपका रूपया 2.5 वर्ष में दो गुना हो जायेगा और आवश्यकता पड़ने पर आप लोगों को लोन भी मिल जायेगा और आप लोगों का रूपया भी सुरक्षित रहेगा। समूह रजिस्टर्ड है। समूह में खाता 6 वर्ष के लिए खोला जायेगा। जिसके बाद समिति सदस्यों के आश्वासन पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## दर्जनों मुस्लिम युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय में मुस्लिम समाज के दर्जनों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा अल्प संख्यक मोर्चे के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कामिल खान एवं वरिष्ठ भाजपा नेता तारिक मलिक के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के युवाओं ने विधिवत रूप से भारतीय जनता पार्टी में आस्था रखते हुए पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि अब मुस्लिम समाज समझ चुका है कि तमाम राजनीतिक पार्टियों मुस्लिम समाज को सिर्फ वोट बैंक के रूप में उपयोग करती आई हैं पिछले कई चुनावों में मुस्लिम समाज के युवाओं को भ्रमित कर राजनीतिक दलों ने उनका उपयोग किया है और चुनाव के बाद मुस्लिम समाज को हाशिए पर डाल दिया जाता है। मुस्लिम समाज के युवा इन राजनीतिक दलों के झांसे में आने वाले नहीं है समाज का युवा अब नरेंद्र मोदी और भाजपा के साथ खुलकर खड़ा है। जिला महामंत्री सतीश गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज के हितों के लिए कार्य कर रही है प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी मुस्लिम समाज को मुख्य धारा में जोड़ना चाहते हैं। संचालन (शेष पृष्ठ सात पर)



## फैक्ट्री सुपरवाजर पर चाकू से हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फेरती में मामूली बात पर श्रमिक ने सुपरवाइजर पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। रोहित यादव पुत्र राममूर्ति निवासी जेपी नगर फेज-2, फुलसुंगा ट्रांजिट कैंप का कहना है कि वह सिडकुल पंतनगर में एक कंपनी में ठेकेदार के अण्डर में सूपरवाइजर का कार्य करता है। आज सुबह वह कम्पनी कार्य करने के लिये पहुंचा। असेमब्ली में जॉब करने वाला एक श्रमिक कार्य नहीं कर रहा था जिसकी शिकायत उसने अपने दूसरे सूपरवाइजर मनोज से की। इस शिकायत पर उस श्रमिक ने गालियां दी और साथी वर्कर से कहा कि इसे चाकू से खत्म कर दे। इसके बाद दोनों ने उसकी पीठ व पेट पर चाकू से कई बार जान से मारने की नीयत से हमला किया। जिससे उसे गम्भीर चोटे आयी है। किसी तरह उसने अपनी जान बचायी।



## 12 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। चेकिंग के दौरान हजारों रुपए की स्मैक सहित एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है। बनभूलपुरा थाना पुलिस गोला पुल के पास बीती देर शाम चेकिंग कर रही थी तभी एक युवक पुलिस की चेकिंग करता देखकर भागने लगा शक होने पर पुलिस ने उसे दर्द पहुंचा और उसकी तलाशी ली । तलाशी के दौरान उसके पास से 12.04 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम शावेज निवासी अंसारी कालोनी गोलापुर बताया। तस्कर ने पुलिस को बताया कि वह बहेड़ी किच्छा दरऊ आदि क्षेत्र से स्मैक सस्ते दामों में खरीद कर लाता है और यहां महंगे दामों में बेचता है। स्मैक तस्कर ने पुलिस के सामने कई तस्करों के नाम उजागर किए हैं। बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर पूर्व में भी स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है। (शेष पृष्ठ सात पर)

### दुकान में शराब बेचता एक गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। आरटीओ पुलिस चौकी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक दुकानदार को शराब बेचते हुए पकड़ा है। मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छड़ायल चौराहे पर एक दुकान पर छापा मारा। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपना नाम प्रमोद आर्या निवासी धानमिल चौराहा बताया। काउंटर की तलाशी पर उसमें से पांच पेटी देसी शराब की बरामद हुई। व्यक्ति लाइसेंस तक नहीं दिखा सका। टीम में एसआई बलवंत सिंह कम्बोज, कॉन्स्टेबल रविंद्र खाती और शंकर सिंह रहे।

आवश्यकता है
रियल स्टेट में कार्य का अनुभव रखने वाली कुशल युवती की आवश्यकता है, जिसे हिंदी व अंग्रेजी भाषा के साथ टेली मार्केटिंग एवं रिसेप्शनिस्ट का भी अनुभव हो।
क्रिस्टल वैली टाउनशिप प्रोजेक्ट एम्बियंस बैंकट के सामने काशीपुर रोड, रूद्रपुर
इंटरव्यू के लिए श्री कमल गर्ग (98887 84292) से साईट पर जाकर बायोडाटा के साथ संपर्क करें।
समय-11:00 am to 5:00 pm

# प्रत्याशी ऑनलाईन भर सकते हैं नामांकन फार्म

## संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने प्रेस ब्रीफिंग में दी जानकारी,प्रदेश की पांचों सीटों पर 27 मार्च तक होंगे नामांकन, लगभग 10900 शस्त्र जमा कराए



देहरादून( उद संवाददाता)। प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुध वार को अधिसूचना जारी होगी। यह अधिसूचना पांचों लोकसभा सीटों के रिटर्निंग अफसरों के स्तर से जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। चुनाव आयोग के शेड्यूल के हिसाब से सभी लोकसभा सीटों के लिए बुधवार को अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। चुनाव आयोग ने ऑनलाइन नामांकन का विकल्प भी दिया है। टिहरी लोकसभा के लिए आरओ देहरादून यानी डीएम देहरादून कार्यालय, अल्मोड़ा सीट के लिए डीएम अल्मोड़ा, गढ़वाल सीट के लिए डीएम पौड़ी, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट के लिए डीएम ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार सीट के लिए डीएम हरिद्वार अधिसूचना जारी करेंगे। साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी, जो 27 मार्च तक चलेगी। नामांकनपत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च होगी। इसके बाद सीधे 19 अप्रैल को मतदान और फिर चार जून को मतगणना होगी। छह जून को आचार संहिता समाप्त हो जाएगी। प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर 27 मार्च तक रोजाना सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक नामांकन होंगे। बुधवार को सभी आरओ मुख्यालय में नामांकन के लिए पब्लिक नोटिस चस्पा कर दिया जाएगा। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल ने मंगलवार को सचिवालय में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि 20 मार्च, 2024 से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में आरओ मुख्यालय में नामांकन हेतु कल पब्लिक नोटिस चस्पा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 27 मार्च तक, सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर, प्रत्येक दिवस 11 बजे से लेकर 3 बजे तक नामांकन की प्रक्रिया जारी रहेगी। नामांकन प्रक्रिया को करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल suvidha-eci-gov-in की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी मोबाइल नंबर द्वारा रजिस्ट्रेशन का ऑनलाईन फार्म भर सकते हैं, जिसका प्रिंट निकाल कर हस्ताक्षर करने के उपरांत आरओ कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया हेतु निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा। उन्होंने बताया कि लगभग 94 हजार भवनों से पोस्टर बैनर हटाए गए हैं। सी-विजिल ऐप के माध्यम से लगभग 3066 मामले निस्तारित किए जा चुके हैं, जिनमें से 2800 मामले सही पाए गए एवं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित कर दिए गए। इसके साथ ही, लगभग 10900 शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं। पने डॉक्यूमेंट को जमा करा सकते हैं। इसके अलावा आरओ मुख्यालय के 100 मीटर की परिधि के दायरे में तीन से अधिक वाहनों की अनुमति नहीं होगी। इसी क्रम में प्रत्येक आरओ मुख्यालय में सुरक्षा की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

## सभी जनपदों में बीस से अधिक प्रवर्तन एजेंसियां कर रही निगरानी

### हरिद्वार में तीन करोड़ 34 लाख लाख रुपए कीमत के मादक पदार्थ सीज

देहरादून। प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के 72 घंटे के भीतर ही 60 लाख रुपये कीमत की अवैध शराब, नकदी, मादक पदार्थ पकड़े गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशों पर सभी जिलों में आबकारी, पुलिस, आयकर समेत 20 से अधिक प्रवर्तन एजेंसियां निगरानी कर रही हैं। इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग के स्टेट नोडल अफसर मनमोहन मैनाली ने बताया, आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद 16 मार्च से 18 मार्च तक विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने 60 लाख से अधिक कीमत के अवैध शराब, मादक पदार्थ, अनाधिकृत नकदी एवं अन्य सामग्री सीज की है। एक मार्च से 18 मार्च तक यह आंकड़ा सात करोड़ 68 लाख से अधिक कीमत की अवैध शराब, मादक पदार्थ, अनाधिकृत नकदी एवं अन्य सामग्री सीज का था। बीते एक दिन में हुई बड़ी कार्रवाई में 11 मार्च को हरिद्वार में तीन करोड़ 34 लाख लाख रुपए कीमत के मादक पदार्थ सीज किए गए। चुनाव आयोग ने वर्तमान में चुनाव प्रक्रिया को सकुशल और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए चुनाव ड्यूटी में लगी प्रवर्तन एजेंसियों के लिए इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) की व्यवस्था लागू की है। इस ईएसएमएस में आबकारी, पुलिस, आयकर विभाग समेत 20 से अधिक एजेंसियां जुड़ी हुई हैं। अधिकांश प्रवर्तन की कार्रवाई एवं सीजर रिपोर्ट को रोजाना रात 12 बजे तक दर्ज किया जा रहा है। इसी ईएसएमएस सॉफ्टवेयर में सभी जिलों की प्रवर्तन एजेंसियां अपनी कार्रवाई दर्ज कर रही है। जिसकी सीधी मॉनिटरिंग चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड कार्यालय की ओर से की जा रही है।

# अब मीडियाकर्मी भी पोस्टल बैलेट से कर सकते हैं वोटिंग

## पत्रकारों के साथ ही आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों को भी सुविधा मिलेगी

नई दिल्ली( उद संवाददाता)। देश में सफलतापूर्वक लोकसभा चुनाव कराने को लेकर चुनाव आयोग पूरी तैयारियों से लगा हुआ है इस बीच पोस्टल बैलेट से वोटिंग को लेकर चुनाव आयोग ने नई अधिसूचना जारी की है। आयोग ने इस अधिसूचना में बताया है कि अब मीडियाकर्मी भी चुनाव में अपना प्रतिभाग कर सकेंगे। आयोग ने उन्हें पोस्टल बैलेट की सुविधा देने का निर्णय लिया है। इसके मुताबिक, वोटिंग ड्यूटी में लगे सभी मीडियाकर्मी अपनी तैनाती स्थल से ही पोस्टल बैलेट के जरिए वोट डाल सकेंगे। हालांकि ये सुविधा केवल उन्हें ही मिलेगी जिनके लिए चुनाव आयोग ने प्राधिकार पत्र जारी किया है। पत्रकारों के साथ ही आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों को भी यह सुविधा मिलेगी। दिल्ली में जो मीडियाकर्मी मतदान के दिन कवरेज के लिए आयोग द्वारा अधिकृत हैं, वे डाक मतपत्रों के माध्यम से अपना वोट डालने के विकल्प का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र के संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से फॉर्म 12डी लेना होगा। हालांकि उनके पास मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट से भी फॉर्म डाउनलोड करने का भी विकल्प होगा। चुनाव आयोग (ईसी) ने इस सुविधा के लिए सभी राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ अपनी अधिसूचना साझा की है। गौरतलब है कि मतदान दिवस की कवरेज के लिए पत्रकारों और आवश्यक सेवाओं में लगे लोग विधानसभा चुनावों में पहले ही इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं। अब यह सुविधा लोकसभा चुनावों के लिए बढ़ा दी गई है। बता दें कि आवश्यक सेवाओं में मेट्रो, रेलवे और स्वास्थ्य देखभाल जैसे क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाता है लेकिन विभिन्न राज्यों के लोग दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए जाते है। कामगार और निजी संस्थानों में काम करने वाले लाखों श्रमिक और कर्मचारी चुनाव में मतदान के अधिकार से वंचित रह जाते है। ऐसे में चुनाव आयोग को पोस्टल बैलेट से मतदान का दायरा बढ़ाने के साथ ही सभी मतदाताओं को इसका खुला विकल्प देना चाहिये। चुनाव आयोग इस फैसले से मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है।

## 30 अप्रैल को घोषित होगा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम

देहरादून। उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद राज्य के 29 केंद्रों में 27 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू होगा। जो 10 अप्रैल 2024 तक चलेगा, जबकि 30 अप्रैल को बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होगा। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के काम के लिए 3,574 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट के मुताबिक, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए गढ़वाल मंडल में 16 और कुमाऊं मंडल में 13 केंद्र बनाए गए हैं। 15 दिन के भीतर मूल्यांकन का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मूल्यांकन के लिए हाईस्कूल में 1,993 और इंटरमीडिएट में 1,581 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। हालांकि, पूर्व में चुनाव आयोग की ओर से जिन मूल्यांकन केंद्रों का अधिग्रहण कर लिया गया था। विभाग की ओर से उनके स्थान पर दूसरे मूल्यांकन केंद्र बना लिए गए हैं। शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा महावीर सिंह बिष्ट के मुताबिक, हर मूल्यांकन केंद्रों से दो-दो मास्टर ट्रेनर को आज प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें मूल्यांकन के संबंध में निर्देश दिए गए।प्रदेश के सभी मूल्यांकन केंद्रों के उप नियंत्रकों एवं पर्यवेक्षकों की 22 मार्च को ऑनलाइन बैठक होगी। शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में सभी जिलों के मुख्य नियंत्रक एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी शामिल होंगे। उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की एक लाख 13 हजार से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना है। इसमें हाईस्कूल में 6,90,564 और इंटरमीडिएट में 4,47,696 उत्तर पुस्तिकाएं शामिल हैं।

## आईएएस दिलीप जावलकर होंगे प्रदेश के नए गृह सचिव

देहरादून(उद संवाददाता)। आईएएस दिलीप जावलकर उत्तराखंड के नए गृह सचिव होंगे। चुनाव आयोग ने तीन नामों के पैनल में से जावलकर के नाम पर मुहर लगाई है। आईएएस दिलीप जावलकर सचिव वित्त का दायित्व देख रहे हैं। आयोग के निर्देश पर सचिव शैलेश बगोली से प्रभार हटाया गया था।चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तराखंड के गृह सचिव शैलेश बगोली को हटा दिया था। इसके बाद नए गृह सचिव के लिए, राज्य के पैनल की ओर से तीन नामों का प्रस्ताव आयोग को भेजा गया। जिसके बाद आयोग नए गृह सचिव पर निर्णय लिया।आईएएस अधिकारी शैलेश बगोली सचिव गृह के साथ ही कारागार व मुख्यमंत्री के सचिव की भी जिम्मेदारी संभाल रहे थे। राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी गृह विभाग की होती है, लेकिन चुनाव के दौरान गृह विभाग की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। बताया गया कि गृह सचिव शैलेश बगोली को हटाने का एक कारण ये भी है कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भी सचिव हैं। मुख्यमंत्री का सचिव या प्रमुख सचिव किसी भी आम चुनाव में ऐसे पद पर नहीं रह सकता, जो चुनाव प्रक्रिया से सीधे जुड़ा हो।

## पूर्व सैनिक की संदिग्ध मौत

गरुड़( उद संवाददाता)। गरुड़ बाजार के गोलू मार्केट में एक पूर्व सैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बागेश्वर भेज दिया है। मूल रूप से बागेश्वर के भयेड़ी गांव निवासी व हाल निवासी गोलू मार्केट गरुड़ निवासी पूर्व सैनिक दिनेश चंद्र भट्ट पुत्र स्व. केशव दत्त भट्ट छह-सात महीने पूर्व ही सेना से रिटायर्ड हुए थे। पुलिस के अनुसार सोमवार की रात्रि उनका अपनी पत्नी दया भट्ट से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। पुलिस के मुताबिक वे नशे में थे। घर के आंगन में रखी ईंटों से वे स्वजनों पर वार करने लगे। स्वजनों ने बचने के लिए दरवाजे बंद कर दिए। इस बीच वे बाहर से ही चिल्लाने लगे। लेकिन कुछ देर बाद उनकी आवाज बंद हो गई। स्वजनों ने बाहर आकर देखा तो वे ईंटों के ऊपर गिरे थे। स्वजन 108 की मदद से उन्हें सीएचसी बैजनाथ ले गए। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। अल्मोड़ा से हल्द्वानी ले जाते समय खैरना के पास उनकी मौत हो गई। स्वजन उन्हें वापस घर ले आए। सूचना मिलते ही बैजनाथ के थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी दलबल के साथ मृतक के घर पहुंचे और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बागेश्वर भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक स्वजनों की ओर से किसी ने तहरीर नहीं दी है।

## राज्य के आंदोलनकारी पीड़ितों को मिला न्याय : सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामपुर तिराहा कांड में पीएसी के दो सिपाहियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के फैसले पर कहा अदालत के निर्णय से पीड़ितों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिली है। उन्हें लंबे समय से न्याय का इंतजार था। कहा, मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहे पर दो अक्तूबर 1994 को आंदोलन के दौरान हमारे नौजवानों, माताओं-बहनों के साथ क्रूरतापूर्ण बर्ताव किया गया। इसमें कई आंदोलनकारियों की शहादत हुई। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। आंदोलनकारियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता और कर्तव्य है। गौरतलब है कि रामपुर तिराहा कांड में अदालत ने दोनों आरोपियों पीएसी के जवानों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही उन पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# हरिद्वार और नैनीताल सीट पर आज घोषित होंगे कांग्रेस के प्रत्याशी

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने उत्तराखंड के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक मे किया मंथन



देहरादून। नई दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी ने बैठक की। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह इस दौरान बैठक में मौजूद रहे। पार्टी को उत्तराखंड की दो लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा करनी की है। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गढ़वाल, टिहरी और अल्मोड़ा सीट पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। जबकि हरिद्वार और नैनीताल सीट पर प्रत्याशियों को लेकर पेच फंसा है। गढ़वाल सीट से गणेश गोदियाल, टिहरी से जोत सिंह गुनसोला और अल्मोड़ा से प्रदीप टम्टा को चुनाव मैदान में उतारा है। इसमें गोदियाल और गुनसोला पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। वहीं, टम्टा तीसरी बार चुनाव मैदान में होंगे।केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में गहन मंत्रणा के बाद कांग्रेस ने उत्तराखंड की पांच सीटों में से तीन पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी थी। दो बार के विधायक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे गणेश गोदियाल पर कांग्रेस ने गढ़वाल सीट पर दांव लगाया है। जबकि मसूरी विधानसभा सीट से 2002 व 2007 में विधायक चुने गए जोत सिंह गुनसोला को पार्टी ने टिकट दिया। उनके सामने इस सीट पर राजशाही का तिलिस्म तोड़ने की चुनौती है। आरक्षित अल्मोड़ा सीट पर इस बार भी प्रदीप टम्टा पर दांव लगाया है। 2009 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर टम्टा सांसद चुने गए थे। जबकि 2014 और 2019 के चुनाव में उन्हें हार मिली।भाजपा की तुलना में कांग्रेस प्रचार में पिछड़ रही है। हरिद्वार संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रचार के लिए मोर्चा संभाल लिया है। उधर गढ़वाल संसदीय सीट पर अनिल बलूनी भी प्रचार में उतर गए हैं, लेकिन कांग्रेस में हरिद्वार और नैनीताल सीट पर प्रत्याशियों के नामों को लेकर सहमति नहीं बन रही है।आपसी खींचतान के कारण केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों सीटों पर टिकट प्रतीक्षा में रख दिया है। हरिद्वार सीट से पूर्व सीएम हरीश रावत अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए टिकट माग रहे हैं, जबकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा इस बात पर अड़े हैं कि यहां से हरीश रावत खुद चुनाव लड़ें या फिर उन्हें मौका दिया जाए। नैनीताल सीट पर कई दावेदार होने से आपसी खींचतान चल रही है। यहां से यशपाल आर्य, भुवन कापड़ी, महेंद्र पाल, रणजीत रावत, प्रकाश जोशी के नामों की चर्चा है। इन नामों में यशपाल आर्य के नाम पर तकरीबन सहमति है, पर आर्य चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं बताए जा रहे हैं। हालांकि, पार्टी में एक बड़ा वर्ग नैनीताल-ऊधम सिंह नगर सीट के जातीय समीकरण के हिसाब से आर्य और माहरा को भी मजबूत प्रत्याशी के तौर पर देख रहा है। बहरहाल भाजपा ने तीन मार्च को अपने तीन उम्मीदवार घोषित कर दिये थे जबकि दूसरी सूची में दो और उम्मीदवार घोषित कर कांग्रेस के समक्ष कड़ी चुनौती पेश की है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस केतीन सीटों पर पहली सूची में उम्मीदवारों का ऐलान किया गया हैं हालांकि पिछले एक सप्ताह से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की निगाहे नैनीताल और यूएसनगर की ह हाट सीट पर अपने उम्मीदवारों के घोषित होने का इंतजार में अब उनकी आंखे तरस गई है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार सेना के जवान की दर्दनाक मौत

हल्द्वानी। रामपुर रोड पर टांडा बैरियर के पास दर्दनाक हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कैंटर ने एक स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक फौजी की मौत हो गई। फौजी की मौत के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने कैंटर जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। नैनीताल जिले के हल्द्वानी में रामपुर रोड पर टांडा बैरियर के पास कैंटर ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में नाचनी पिथौरागढ़ निवासी फौजी ललित गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली का कैंटर सोमवार रात करीब आठ बजे सामान छोड़कर रुद्रपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान मुखानी हल्द्वानी निवासी फौजी ललित सिंह (40) पुत्र प्रताप सिंह रूद्रपुर से स्कूटी से अपने घर को वापस जा रहे थे। इसी दौरान टांडा बैरियर के पास कैंटर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें ललित गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने कैंटर चालक को पकड़ लिया है। जिसकी पहचान उत्तम नगर दिल्ली निवासी जवाहर सिंह के रूप में हुई है। मृतक मूल रूप से पिथौरागढ़ के रहने वाले ललित सिंह महार रेजिमेंट दिल्ली में तैनात थे। उनके दो बच्चे हैं। दो दिन पहले ही वो छुट्टी पर आए थे। उनकी मौत की खबर के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# कांग्रेस नेताओं ने किया जनसम्पर्क

किच्छा(उद संवाददाता)। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुलशन सिंधी का कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान जारी है। जिसके तहत रुद्रपुर सानी, ग्राम बखपुर ,धाधा फॉर्म, शंकर फॉर्म, ग्राम भंगा सुतइया, पुलभट्टा, सहित विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कांग्रेस हाई कमान प्रत्याशी घोषित न किए जाने के बावजूद भी पार्टी के वरिष्ठ



नेता एवं कार्यकर्ता पार्टी के पक्ष में मतदान करने को लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं। इसी क्रम में विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा किच्छा विधानसभा में रणनीति तैयार की गई है जिसके तहत प्रत्येक क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। वहीं चुनाव प्रचार में कार्यकर्ता भी जुट गये हैं।

# 915 पीठासीन और 85 मदतान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

पंतनगर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शिता, सुचारू व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रशिक्षण नरेश चन्द्र दुर्गापाल ने कहा कि लोकतंत्र की रीढ़ पीठासीन व मतदान अधिकारी होते है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचन अति महत्वपूर्ण कार्य है निर्वाचन प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण रही है उनको भलीभांति सीख लें। प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को पूरी गंभीरता से लें तथा जो भी शंका हो उसका अवश्य समाधान कर लें, ताकि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समय पर मतदान प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा मतदान प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल अपने सेक्टर एवं जोनल के साथ ही कन्ट्रोल रूम व सहायक रिटर्निंग आफिसर को देंगे मतदाताओं के फोटो पहचान पत्र के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य अन्य दस्तावेजों का सावधानी से परीक्षण कर नामावलियों से मिलाकर मतदान कराएं। ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो। मास्टर से जानकारी देते हुए हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों ने मतदान हेतु सामग्री प्राप्त के तरीके, मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान शुरू करने, मतदान







पंतनगर के गॉधी हॉल में प्रथम चरण प्रशिक्षण के दूसरे दिन 915 पीठासीन व 85 मदतान अधिकारी प्रथम को मतदान एवं ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को प्रशिक्षण में मौजूद पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों को संबोधित करते हुए नोडल व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी मतदान कार्मिक निष्पक्षतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराएं। उन्होने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होती है, इस हेतु ईवीएम वीवीपैट के प्रशिक्षण में जो भी जानकारी दी जा समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक आर्दश आचार संहिता का पूर्ण पालन करें तथा मतदान पार्टियां मतदेय स्थल तक पंहुचने की तत्काल सूचना सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को देंगे। उन्होंने कहा कि मॉक पोल अनिवार्य रूप से कराना हैं व मॉक पोल कराकर निर्धारित व प्रति दो घण्टें मतदान की सूचना भी अनिवार्य रूप से देगें। उन्होंने निर्देश दिए कि ईवीएम वीवीपैट मशीन को लाने व ले जाने में पूर्ण सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थल के 100 मीटर की परिधि में प्रचार-प्रसार की साम्रगी कतई न लगने दी जाए व ट्रेनरों ने सैद्धान्तिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार समाप्ति सहित सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, परियोजना निदेशक अजय सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा सहित पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत होगी जब्तः सक्सेना

किच्छा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पालिका के निवर्तमान नामित सदस्य एवं किच्छा आईटी सेल के प्रभारी राजीव सक्सेना ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के पास आज कोई चेहरा नहीं रह गया है जो कि भाजपा प्रत्याशी का सामना कर सके। यही वजह है कि कांग्रेस हाई कमान नैनीताल उधम सिंह नगर



लोकसभा सीट पर अपना प्रत्याशी नहीं घोषित कर पा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। जिस वजह से आम जनता अन्य राजनीतिक दलों को पूर्ण रूप से नकार चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हुआ है तथा आम आदमी को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी बहुमत से जिता कर पूर्व की भांति केंद्र में भेजा जाएगा तथा पुनः नैनीताल उधम सिंह नगर में विकास की गंगा बहेगी। कहां की भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट द्वारा अपने अपने पूर्व के कार्य काल में जो विकास की गाथा लिखी है उस गाथा को पुनः आगे बढ़ाने का कार्य फिर से किया जाएगा।नैनीताल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त करायी जायेगी।

# घर के सामने खड़ी ठेली चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में टेंट कारोबारी के घर के सामने खड़ी ठेली अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा दी गई। टेंट व्यवसाय द्वारा मामले की तहरीर स्थानीय पुलिस चौकी में देने के बाद चोर को पुलिस ने पकड़ लिया। हिरासत में पूछताछ जारी है। पुलिस को दी तहरीर में जाटव सभा के करीब टांडा उज्जैन निवासी छत्रपाल सिंह ने बताया कि बीते 12 मार्च को जब उसका परिवार घर में सोया था इसी दौरान घात लगाए चोरों ने उसके घर के सामने खड़ी ठेली पर हाथ साफ कर दिया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज चेक करने पर पता चला कि यह घटना 12 मार्च की तड़के 4:10 पर एक युवक द्वारा अंजाम दी गई। जाट पड़ताल के दौरान पता चला कि काली बस्ती निवासी कालीन वॉश करने वाले एक व्यक्ति के पुत्र द्वारा चोरी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया। पता चला है कि चोर ने घटना को अंजाम देने के बाद ठेली को ठाकुरद्वारा में ले जाकर ठिकाने लगा दिया। पुलिस चौकी पकड़े गए चोर से पूछताछ जारी है।

# अवैध कच्ची शराब समेत छह तस्करों को किया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों से अवैध कच्ची शराब के छः तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से 91 लीटर कच्ची शराब बरामद किया है। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब कारोबारी का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने ईदगाह गेट के पास से मोहल्ला सिंघन निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र दीवान चंद्र को दबोचकर तलाशी में उसकी कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह जगतपुर कुंडेश्वरी निवासी बलविंदर सिंह पुत्र स्वर्गीय गुरुनाम सिंह को गुरुद्वारे के पास से पड़कर उसके कब्जे से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। ऐसे ही ग्राम रमपुर में राजकीय प्राइमरी विद्यालय के पास संदीप हालत में चहल कदमी करते हुए उपरोक्त गांव निवासी जगदीश सिंह रावत पुत्र किशन सिंह रावत को पुलिस ने पड़कर उसके कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। टांडा चौकी इंचार्ज मनोज जोशी ने हमराहियों के साथ गश्त करते हुए रेलवे कॉलोनी की ओर जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध चहल कदमी कर रहे टांडा उज्जैन निवासी लालता प्रसाद पुत्र गंगाराम को दबोचकर उसके कब्जे से 34 पाउच कच्ची शराब पकड़ी। इसी तरह गश्त के दौरान राजपुर चौकी पीरुमदारा रामनगर निवासी गुरमीत सिंह पुत्र केहर सिंह तथा थारी रामनगर निवासी गुरमीत सिंह उर्फ बिल्ला पुत्र ईश्वर सिंह के कब्जे से पुलिस ने 19 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। उपरोक्त दोनों राजपूताना कॉलेज के पास कच्ची शराब की खपत करने की नीयत से चहल कदमी कर रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार उपरोक्त सभी शराब कारोबारी से जरूरी पूछताछ के बाद उनका धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# राधा के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही

काशीपुर। सभ्य समाज के बीच रहकर गुंडागर्दी व भय व्याप्त करते हुए धनोपार्जन करने वाली एक महिला के खिलाफ पुलिस ने गुंडा एक्ट में कार्यवाही की है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला कटोराताल पुलिस चौकी के समीप निवासी राधा पत्नी दीपक कानून की आंख में धूल झोंककर पुलिस की नाक के नीचे कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त है। थाना कोतवाली में उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत है। उसका पति दीपक भी कई बार कच्ची शराब के मामले में पकड़ा जा चुका है।

# आल्टो कार से दो पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने जेल रोड तिराहे पर वाहनों की चेकिंग के दौरान एक वाहन से दो पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद की है। मामले में वाहन चालक के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। हीरानगर चौकी के एसआई विजय कुमार ने बताया कि वे कान्स्टेबल ललित नाथ के साथ हीरानगर में उत्थान मंच हल्द्वानी के पास वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। दोपहर सवा दो बजे अल्टो कार संख्या यूके04 एच 0237 एसटीएच की तरफ से आती दिखी, जिसे रोका गया। चालक ने अपना नाम दिनेश सिंह निवासी जन्तवाल गांव भीमताल बताया। चेकिंग के दौरान वाहन से अंग्रेजी शराब की दो पेटियां बरामद हुई। चालक इससे संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा सका। उसने बताया कि वो शराब बेचने का काम करता है। ऐसे में उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# ईओ से की व्यवस्थाएं दुरूस्त करने की मांग

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। वार्ड चार की पूर्व सभासद आयशा परवीन ने नगर पंचायत के ईओ से पूरे नगर में माहे मुकद्दस रमजान महीने में बिजली, पानी और सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रहमतों और बरकतों के इस महीने में रोजेदार रोजा इफ्तार, सहरी और तरावीह एहतमाम करते हैं। इन पाक बरकत बाले महीने में सभी मस्जिदों के आसपास पड़ी गंदगी हटवाने व खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटें भी ठीक कराने की मांग की है। उन्होंने पूरे नगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नगर पंचायत के ईओ को मौखिक बताते हुए वार्डो में गंदगी व पीने के पानी की किल्लत को दूर करने की बात कही उन्होंने कहा कि जुमे (शुक्रवार) के दिन सभी मस्जिदों के पास सफाई, चूने का छिड़काव और नगर में मच्छर मार दवा का छिड़काव कराया जाए। इसमें जामा मस्जिद और वार्ड चार में पड़ने बाली मोती मस्जिद व मदीना मस्जिद का खास ध्यान रखा जाने की बात कही।

# सिख समाज के गुरुओं का राष्ट्र निर्माण में अनुकरणीय योगदान

## खालसा पंथ के गुरुमत संत समागम में धामी और भट्ट ने लिया आशीर्वाद, लंगर बांटा









काशीपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सिख समाज के गुरुओं का बलिदान, सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान अनुकरणीय है। गुरुजनों के दिखाए गए रास्ते पर चलकर ही मानवता का विकास संभव है। उन्होंने सभी संतों और गुरुओं से उत्तराखंड राज्य के विकास के लिए आशीर्वाद लिया। सीएम धामी ने मंगलवार को यहां चैती गांव स्थित गोराया पेपर मिल परिसर में खालसा पंथ के 325 साल पूरे होने पर तीन दिवसीय खालसा साजना दिवस पर आयोजित गुरुमत संत समागम में संतों से आशीर्वाद लेने के बाद समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के साथ ही केंद्र सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने श्रेष्ठ उत्तराखंड बनाने का संकल्प भी दोहराया। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं के इतिहास को जाने बिना देश के इतिहास को भी नहीं जाना जा सकता है। मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने में खालसा पंथ और उनके अनुयायियों का अहम योगदान बताते हुए खालसा पंथ के 325 साल पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने बाल वीरों बाबा फतेह सिंह और बाबा जोरावर सिंह को याद करते हुए कहा कि इन दोनों वीर बालकों ने खुद को दीवार में चुनवाना स्वीकार किया, लेकिन झुकना स्वीकार नहीं किया। केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि गुरुओं के मार्गदर्शन में ही सभी का कल्याण हो सकता है। संत समागम में शामिल होने आए सभी संतों का स्वागत करते हुए उन्होंने आशीर्वाद लिया। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने भी संतों का स्वागत किया। इस मौके पर संत महंत ज्ञानदेव महाराज, बाबा लक्खा सिंह, महंत तरसेम सिंह, सतनाम सिंह करनाल वाले, महंत प्रताप सिंह, महंत उपदेश सिंह, महंत मंजीत सिंह, बाबा वचन सिंह, महंत गुरुदेव सिंह आदि संतों के अलावा मंडी समिति अध्यक्ष अनिल डब्बू, गुरविंदर सिंह चंडोक, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल आदि मौजूद रहे।

## स्कूल वैन में अचानक आग लगने से मचा हड़कंप

हल्द्वानी। कालाढूंगी रोड में अचानक स्कूल वैन में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान मौके पर चीख पुकार मच गई। गनीमत ये रही की स्कूल वैन में कोई बच्चा नहीं बैठा था। घटना नवाबी रोड के पास की है। घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड




की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। कासी मशक्कत के बाद दमकल विभाग के कर्मियों ने आग पर काबू पाया। स्कूल वैन में आग लगने की वजह तकनीकी खराबी बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेयी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया की स्कूल वैन खाली थी। गाड़ी में तकनीकी कमी के चलते अचानक आग लगी है। जिस पर फायर ब्रिगेड ने काबू पा लिया है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह से सामान्य है। सिटी मजिस्ट्रेट ने आरटीओ को घटना की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

## महिला ने दो बेटों और एक बेटी को दिया जन्म

श्रीनगर। श्रीनगर बेस चिकित्सालय श्रीकोट में नौ मार्च को चमोली जिले के नंदानगर भैटी गांव की एक महिला ने तीन शिशुओं को एक साथ जन्म दिया। जन्म के बाद शिशुओं के वजन से लेकर अन्य तरह की परेशानी थी। बेस चिकित्सालय के बाल रोग विभाग के डॉक्टरों की टीम ने 10 दिनों के इलाज



के बाद महिला के शिशुओं को नया जीवनदान दिया है। दो बेटे एवं एक बेटी को जन्म देने वाली माता एवं उसके पति एवं उसके परिजनों ने शिशुओं को बेहतर इलाज देकर उनको नया जीवन देने पर बेस अस्पताल के डॉक्टरों का आभार प्रकट किया। एक साथ तीन शिशुओं के जन्म से परिजनों में खुशी की लहर है।

## युवती की हत्या के आरोप में महिला सहित पिता पुत्र बरी

रामनगर । युवती की हत्या के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश ने महिला सहित पिता-पुत्र को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया। न्यायालय में 2021 से मुकदमा चल रहा था। 11 मार्च को न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा था और मंगलवार को फैसला सुनाया गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रदीप लोहनी ने बताया कि 16 अप्रैल 2020 को ग्राम फतेहपुर पट्टी स्यात कोटाबाग में जमीन पर बैल बांधने को लेकर दो सगे भाइयों लक्ष्मीदत्त और शिवदत्त पुत्रगण परमानंद के बीच विवाद हुआ और दोनों में मारपीट हुई थी। इसी विवाद के चलते लक्ष्मीदत्त की पुत्री कु. भावना की जहर पीने से मौत हो गई थी। इस मामले में लक्ष्मीदत्त ने भाई शिवदत्त, भाभी मुन्नी देवी और भतीजे बंशीधर पर मारपीट करते हुए बेटी को जबरन जहर पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। मामले में कालाढूंगी थाने में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने 17 जुलाई 2021 को चार्जशीट दाखिल की थी। रामनगर के न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश मुकदमा चला। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह पेश किये गए। अधिवक्ता प्रदीप लोहनी ने बताया कि उनके द्वारा गवाहों की प्रतिपरीक्षा की गई। गवाही के बाद बहस में जो तर्क रखे, उससे यह साबित नहीं हो पाया कि आरोपियों ने जबरन जहर पिलाकर युवती की हत्या की थी। अधिवक्ता ने बताया कि 11 मार्च को न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा था। मंगलवार को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश सयन सिंह रावत ने साक्ष्यों के अभाव में आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया है।







# होली मिलन समारोह में जमकर थिरकीं महिलायें





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल महिला समिति द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं द्वारा होली गीतों पर जमकर नृत्य किया गया वहीं अन्य कई कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया गया। इससे पूर्व गत दिवस कोलम्बस पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुरेखा जैन, ऊषा अग्रवाल, शारदा देवी अग्रवाल, डॉ. निधि जैन, डॉ. सरिका गर्ग, समिति अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। राजस्थानी सुरीलो हर्षवर्धन सैनी की 22 लोगों की टीम ने होली गीतों से कार्यक्रम में समां बांध दिया। होली गीतों में सराबोर होकर महिलाएं झूमने को मजबूर हो गयी। होली मिलन समारोह में मूर्खाधिराज की उपाधि श्रीमती पुष्पा अग्रवाल को प्रदान की गई। ज्योति गोयल व नीतू गोयल ने टाईटल कार्यक्रम प्रस्तुत किया। होली मिलन समारोह में बेस्ट ड्रेस प्रतियोगिता में मोनिका और ज्योति गर्ग को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में लक्की ड्रा निकाला गया जिसमें शारदा अग्रवाल प्रथम, सरोज अग्रवाल द्वितीय और तृतीय स्थान प्रियांशु गुप्ता को मिला। इसके अलावा पांच सांत्वना पुरस्कार भी निकाले गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेखा जैन ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का त्योहार है। होली महोत्सव के जरिए सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ ही आपसी सामंजस्य स्थापित होता है। समिति अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने कहा कि महिला समिति सभी प्रमुख त्यौहारों पर कार्यक्रम आयोजित करती है। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज की महिलाओं को एकजुट कर उन्हें स्वस्थ मनोरंजन के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति से जुड़ी सभी महिलायें निरंतर जुटी हुई थी। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महामंत्री प्रिया गर्ग, कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया, राधा अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, पूजा बंसल, मोनिका बंसल, रचना अरोरा, मंजू अग्रवाल, सीमा अरोरा, अंजू बंसल, ज्योति अग्रवाल, मंजू गर्ग, नीतू गोयल, उमा गर्ग, बीना गोयल, लक्ष्मी अग्रवाल, सरिता गोयल, सीमा सिंघल, ज्योति गर्ग, सीमा गोयल, रेनू श्यामपुरिया, शिल्पी अग्रवाल, सलोनी अग्रवाल, पूनम जिंदल, स्वीटी जिंदल, सीमा मित्तल, कांता अग्रवाल, ज्योति गोयल, नीतू गोयल, अंजली अग्रवाल, विमला बंसल, मीना मित्तल, निधि जैन, प्रिया मित्तल, सोम्या अग्रवाल, नरेन्द्र बंसल, राजेन्द्र तुलसियान, महेश मित्तल, एसके मित्तल, विजय अग्रवाल, गौतम रूंगटा, विजय श्यामपुरिया, मनोज कुमार, श्यामलाल बंसल, महेन्द्र मित्तल, पुरूषोत्तम अग्रवाल सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हताश हो चुकी कांग्रेस को नहीं मिल रहे प्रत्याशी:भट्ट

## हवन यज्ञ के साथ हुआ भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनाव कार्यालय का उदघाटन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के विधानसभा चुनाव कार्यालय का नैनीताल रोड पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ,जिला अध्यक्ष कमल जिंदल एवं रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने हवन पूजन के बाद संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अजय भट्ट का गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक शिव अरोरा ने अजय भट्ट को तलवार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कार्यकर्ताओं से 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए जुट जाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा लहर चल रही है जो चुनाव आने तक आंधी में तब्दील होने वाली है। भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता के चलते विपक्ष में भगदड़ सी मची है। बड़ी संख्या में कांग्रेस के लोग प्रधानमंत्री के विराट व्यक्तित्व से प्रभावित होकर भाजपा से जुड़ रहे हैं। 400 से अधिक सीटें जीतने के लिए भाजपा का विजय रथ आगे बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि देश की जनता पीएम मोदी के ऐतिहासिक फैसलों से प्रभावित है और मोदी की गारंटी पर आज सबको भरोसा है। आज भारत महाशक्ति के रूप में तेजी से उभर रहा है। हम हर क्षेत्र में तरक्की कर रहे हैं। पहले हम दुनिया में 10वें नंबर की अर्थव्यवस्था थे, आज पांचवें नंबर पर है। आने वाले दिनों में हम हर क्षेत्र में नंबर एक पर पहुंचने वाले हैं। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी जोश है। इस बार भी उन्हें कार्यकर्ताओं और जनता का आशीर्वाद मिलने जा रहा है। जिससे एक बार फिर वो भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। कांग्रेस इतनी हताश हो चुकी है कि उन्हें प्रत्याशी तक नहीं मिल पा रहे हैं। भााजपा की प्रचण्ड लहर को देखकर कांग्रेस के बड़े बड़े दिग्गज भी चुनाव मैदान में आने से डर रहे हैं। अजय भट्ट ने कहा कि विपक्ष की हालत इतनी खराब हो गई है कि भागने की स्थिति है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में बीजेपी अपने विकास के मुद्दों को लेकर जनता के बीच है। क्योंकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश विकास की ओर जा रहा है। जिसका नतीजा है कि आज लोगों में बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आस्था है। उन्होंने कहा कि इस बार भी फिर से देश की जनता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर इतिहास रचने जा रही है। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि इस बार रूद्रपुर विधानसभा की जनता भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को एक लाख से अधिक मतों से जिताकर संसद में भेजेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्य किसी से छिपे नही है। उत्तराखण्ड से पीएम मोदी का विशेष लगाव है यही वजह है कि आज उत्तराखण्ड केन्द्र के विशेष सहयोग से लगातार प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऐतिहासिक फैसले लेकर उत्तराखण्ड को देश में अलग पहचान दिलाई है। विकास कार्यों की बदौलत उत्तराखण्ड में भाजपा हैट्रिक बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, नैनीताल लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, रुद्रपुर विधानसभा प्रभारी प्रकाश हरबोला, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, भाजपा प्रदेश मंत्राी विकास शर्मा, पूर्व दर्जा मंत्री सुरेश परिहार, विधानसभा सहसंयोजक सुरेश कोली, लोकसभा मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट एवं ललित मिगलानी, भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, डीएन मिश्रा, शालिनी बोरा, राकेश सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, मोहन तिवारी, धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट, अनिल चौहान ,तरुण दत्ता ,रणजीत सिंह गिल, यशपाल घई, वीनू गुंबर, प्रीत ग्रोवर, नरेश ग्रोवर, पंकज बांगा, स्वाति शर्मा, विपिन जल्होत्रा, क्लस्टर प्रभारी प्रदीप बिष्ट, राजेश जग्गा, राजेश शर्मा, सोनू अनेजा, सुनील ठुकराल, आयुष चिलाना, सुब्रत वचन, हिमांशु शुक्ला, रोशन अरोड़ा, जगदीश विश्वास, राजेश बजाज, सुशील गावा,आशीष छाबड़ा, प्रमोद मित्तल, मयंक कक्कड़, बिट्टू चौहान, मुकेश पाल, के के दास, ममता त्रिपाठी, रामप्रकाश गुप्ता ,नेत्रपाल मौर्य, कीमती राणा, कस्तूरी लाल तगरा, मनदीप वर्मा, संजीव शर्मा, संदीप राव, श्रीकांत राठौर, शिव कुमार गंगवार, शैलेंद्र रावत, सुशील चौहान, विनय विश्वास ,सीमा गुप्ता, सरिता चौधरी ,माही सकलानी ,अक्षय अरोड़ा ,सुशील यादव, विकास सागर, मनमोहन सिंह, जितेंद्र संधू, आदेश भारद्वाज, नमन चावला, रॉबिन विश्वास, सुरेश विश्वास, शंकर विश्वास, विकास बठला, योगेश वर्मा, कुंदन राठौर आदि मौजूद रहे।



## अजय भट्ट के कार्यक्रम में दो मण्डल अध्यक्ष हुए नाराज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के विधानसभा चुनाव कार्यालय के उदघाटन कार्यक्रम में प्रोटोकॉल के अनुसार सम्मान नहीं मिलने पर भाजपा के दक्षिणी और उत्तरी मण्डल अध्यक्ष नाराज हो गये और कार्यक्रम छोड़कर चले गये। जानकारी के अनुसार भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनाव प्रचार की गतिविधियों को संचालित किये जाने के लिए रूद्रपुर विधानसभा कार्यालय का बीती शाम नैनीताल रोड पर उदघाटन कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों के साथ साथ कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया गया था। उदघाटन से पहले हवन यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में मंच की भी व्यवस्था की गयी थी। हवन यज्ञ के बाद भाजपा के उत्तरी मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता और दक्षिणी मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली कार्यक्रम छोड़कर चले गये। उनका कहना था कि मंच पर प्रोटोकॉल के अनुसार उनके लिए बैठने की व्यवस्था नहीं की गयी थी। साथ ही उन्होंने फ्लैक्स में प्रोटोकॉल के विपरीत विधानसभा सह संयोजक सुरेश कोली का फोटो लगाये जाने पर भी आपत्ति जताई। कुल मिलाकर दोनों मण्डल अध्यक्षों की नाराजगी कार्यकर्ताओं में चर्चा का विषय बनी रही। मंच से अपने सम्बोधन के दौरान भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने भी दोनों मण्डल अध्यक्षों की गैर मौजूदगी का जिक्र किया और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव में जुटने का संदेश दिया।










## कार्यक्रम में उम्मीद से कम रही भीड़

रूद्रपुर। लोकसभा चुनाव के लिए रूद्रपुर विधानसभा कार्यालय के उदघाटन कार्यक्रम में उम्मीद से कम भीड़ रही। जिला मुख्यालय पर खुले इस कार्यालय के उदघाटन के मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन कार्यकर्ता उम्मीद के हिसाब से कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाये। दरअसल कार्यालय उदघाटन का समय 3 बजे निर्धारित किया गया था, लेकिन तीन बजे कार्यक्रम नहीं हो पाया और देर शाम कार्यालय का उदघाटन किया गया। कई कार्यकर्ता 3 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो वहां कुछ नहीं था जिस पर कार्यकर्ताओं को निराश होकर लौटना पड़ा, कार्यक्रम देर से होने के कारण कई कार्यकर्ताओं की फजीहत भी हुई। जिस कारण शाम को भीड़ कम जुट पायी। बता दें इससे पहले इस कार्यालय का उदघाटन रविवार को होना था लेकिन तब अपरिहार्य कारणों से अचानक कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था, उस दिन भी कार्यकर्ताओं को फजीहत उठानी पड़ी थी।

## सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव ने थामा भाजपा का दामन

रूद्रपुर। भाजपा चुनाव कार्यालय के उदघाटन के अवसर पर समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव डा. रेखा यादव ने मोदी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर अपने तमाम समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा में शामिल होने पर डा. रेखा यादव का भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा समेत अन्य भाजपा नेताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। रेखा यादव ने कहा कि मोदी सरकार के पास देश के विकास का जो विजन है उससे प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा के साथ चलने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगी।



## कमिश्नर ने किया डेमोक्रेसी कैफे का उद्घाटन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला स्वीप टीम नैनीताल, जिला निर्वाचन नैनीताल के बैनर तले गत दिवस भवाली स्थित श्यामखेत चाय बागान में कुमाऊ आयुक्त दीपक रावत ने डेमोक्रेसी कैफे उद्घघाटन किया। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेसी कैफे के माध्यम से नये- युवा मतदाताओं को कैफे के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए नई पहल है। साथ ही कैफे में नवीनतम जानकारी, पिंक बूथ, हेल्प लाइन नंबर, डिजिटल टोली आदि की व्यवस्था की गई है, जिससे लोग बेहतर तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रजातंत्र को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकेंगे। उन्होंने बताया कि कैफे में लोकभाषा कुमाउनी, हिंदी आदि में संदेश देते स्लोगन से मतदाताओं और पर्यटक को आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। साथ ही इस बार करीब 14,500 से अधिक नये वोटर हैं। आयुक्त ने नये मतदाताओं से डेमोक्रेसी कैफे में आने और चुनाव की जानकारी और कैफे के माध्यम से मिल रही सुविधाओं को प्राप्त करने की बात कही। इस दौरान ग्राफिक एरा और बिड़ला के छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। वहीं महिला समूहों ने वोट हमारा अधिकार, फिर आ गए चुनाव, वोट हमारा अधिकार आदि गीतों के माध्यम से मतदान करने की अपील की। इसके पश्चात आयुक्त ने चाय बागान का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। गौरतलब हो कि कैफे में लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए सन् 1950 से वर्तमान तक के समस्त निर्वाचनों को एक डेमोक्रेसी यात्रा के रूप में पेंटिंग, स्लोगन, फोटो आदि के माध्यम से दर्शाया गया है। साथ ही मतदाताओं को जागरूकता से संबंधित गीत, संगीत एवं टेलीविजन के बीच भोजन सामग्री का मेन्यू और निर्मित समस्त फर्नीचर भी डेमोक्रेसी के हिसाब से तैयार किया गया है। जिसमें भोजन सामग्री के नाम भी निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार रखे गए हैं। भोजन मेन्यू में भी 18 नंबर ( जब कोई व्यक्ति मतदान के योग्य हो जाता है तो) पर आर्डर करने पर उसे विशेष डेमोक्रेसी भोजन परोसा जाता है, जिसे निर्वाचन के समय तक 25 प्रतिशत छूट के साथ निर्धारित किया है। इस दौरान मुख्य विकासअधिकारी /नोडल अधिकारी स्वीप अशोक कुमार पांडे, अपर परियोजना निदेशक चंद्र फर्त्याल, जिला समन्वयक स्वीप सुरेश अधिकारी, डा. सुरेश मठपाल, डा. प्रदीप उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



## एकल अभियान अंतर्गत तीन दिवसीय नवीन कार्यकर्ता चयन वर्ग सम्पन्न

सितारगंज (उद संवाददाता)। एकल अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय नवीन कार्यकर्ता चयन वर्ग का समापन सत्र अंचल खटीमा के संच सितारगंज रामलीला भवन में शीतल सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सत्र में महेश मित्तल ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अरविंद कनौजिया ने एकल अभियान की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने एकल सिलाई सेंटर कम्प्यूटर सेंटर, आरोग्य योजना घर में रखी सामाग्री से उपचार करना, प्राथमिक योजना कैसे विद्यालय आचार्य चलाती है, सत्संग के विषय की विस्तृत जानकारी सभी के समक्ष रखी । तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत लोक शिक्षा परिषद रुद्रपुर चैप्टर के अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग ने सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी का आहवान किया। उन्होंने कहा कि हम सब समाज का अंग हैं। समाज की बेहतरी के लिए सभी को अपने अपने स्तर से यथा संभव प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि सुमन राय, सतीश उपाध्याय, संभाग सचिव लाल सिंह दायमा, अग्रवाल महासभा जिला अध्यक्ष महेश मित्तल , संच अध्यक्ष साधना राना, संच उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता जोशी, संच मां सुलोचना रावत, संच समिति सदस्य रीता सक्सेना, गीता गड़गोटी, राम प्रवेश एससी मोर्चा अध्यक्ष, अर्थ विभाग प्रमुख ज्ञानचंद, संभाग अभियान प्रमुख कुलवीर सिंह , संभाग आरोग्य योजना प्रमुख ममता, संभाग व्यास कथाकार मनीषा, भाग ग्राम स्वराज योजना प्रमुख नेहा, भाग आरोग्य योजना प्रमुख रेनू, भाग प्रशिक्षण प्रमुख भावना, अंचल अभियान प्रमुख निशा, अंचल कार्यालय प्रमुख शान्ति आदि मौजूद रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता

निर्वाचन आयोग द्वारा आम चुनाव की तारीखों का एलान करने के साथ हीगुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों के साथ मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य विभाग के सचिवों को भी हटाने का आदेश दिया गया है। हांलाकि यह आदेश नियमानुसार ही किये गये हैं लेकिन निर्वाचन आयेग के इस आदेश को अब राजनीतिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। इस फैसले का कई राज्यों द्वारा विरोध भी किया गया है। खासकर पश्चिम बंगाल सरकार इसे लेकर पक्षपात का आरोप लगा रही है।वैसे तो चुनाव की तारीखें घोषित होने से पहले ही निर्वाचन आयोग ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वे चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों का तबादला करें, जिन्होंने अपने पद पर तीन वर्ष का समय पूरा कर लिया है या जो अपने गृह जिलों में तैनात हैं। मगर राज्य सरकारों ने उस निर्देश पर अमल नहीं किया था। उत्तर प्रदेश सरकार भी नहीं चाहती थी कि उसके गृह सचिव को हटाया जाए, मगर निर्वाचन आयोग ने उसकी दलील नहीं मानी। चुनाव में शीर्ष अधिकारियों की बड़ी भूमिका होती है। गृह सचिव राज्यों में और जिलाधिकारी जिलों में निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि होते हैं। इसलिए अगर वे निष्पक्ष नहीं होंगे, तो उन जगहों पर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठेंगे ही। इसलिए निर्वाचन आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिवों और पश्चिम बंगाल के पुलिस आयुक्त को हटा दिया। हालांकि यह न तो पहली बार हुआ है और न कानून की नजर में कोई गलत कदम है। जहां भी निर्वाचन आयोग को लगता है कि कोई अधिकारी चुनाव में निष्पक्ष भूमिका नहीं निभा सकता या निभा रहा, तो वह उसे हटा कर उसकी जगह दूसरे अधिकारी को नियुक्त कर सकता है। राजनीतिक दलों की शिकायतों के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया के दौरान भी कई बार अधिकारियों को बदल दिया जाता है। अभी जिन राज्यों के गृह सचिवों और पश्चिम बंगाल के पुलिस आयुक्त को हटाया गया, उनके बारे में पहले से राजनीतिक दल शक जाहिर कर रहे थे। उनकी संबंधित राज्य सरकारों के प्रति अधिक निष्ठा देखी जा रही थी। पश्चिम बंगाल के पुलिस आयुक्त तो काफी समय से विवादों में घिरे थे। उनके खिलाफ सीबीआइ ने शिकंजा कसने की कोशिश की थी, तब मुख्यमंत्री खुद धरने पर बैठ गई थीं। ऐसे में भला उन पर कैसे भरोसा किया जा सकता था कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग करेंगे, राज्य सरकार की मर्जी के अनुरूप काम नहीं करेंगे। उनके खिलाफ कांग्रेस ने भी शिकायत दर्ज कराई थी। उत्तर प्रदेश के गृह सचिव को लेकर भी इसी तरह की आशंकाएं जाहिर की जा रही थीं। ऐसे समय में जब विपक्षी दल मतदान मशीनों में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए आंदोलन पर उतरे हुए हैं, बड़े जन समुदाय में भी चुनाव प्रक्रिया पर संदेह पैदा हो गया है, तब ऐसे अधिकारियों को उनके पद पर बनाए रखना किसी भी रूप में उचित नहीं कहा जा सकता, जिनका आचरण संदिग्ध माना जाता रहा है। मगर केवल इतने भर से चुनाव में निष्पक्षता की गारंटी सुनिश्चित नहीं हो जाती। निर्वाचन आयोग को यह भरोसा कायम करना होगा कि हटाए गए अधिकारियों की जगह जिन्हें नियुक्त किया गया है, वे वास्तव में पक्षपातपूर्ण व्यवहार नहीं करेंगे। जिस तरह की सक्रियता और प्रतिबद्धता वह अभी दिखा रहा है, उसे पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान दिखानी पड़ेगी। आखिर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव निर्वाचन आयोग की साख से जुड़ा विषय है। देश में निष्पक्ष चुनाव कराना निर्वाचन आयोग का प्रमुख दायित्व होता है। इसके लिए वह संविधान के दायरे में रहकर सभी आवश्यक कदम उठाता है।

## गुस्साये पिता ने पांच साल की बेटी को मारी ईंट,मौत

काशीपुर। काशीपुर में बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही मासूम जब कहने पर घर में नहीं गई तो गुस्साए पिता ने उसे ईंट फेंक मारी। इससे गंभीर रूप से घायल बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। रामनगर रोड स्थित हनुमान कॉलोनी निवासी नन्हे सिंह की पांच वर्षीय बेटी योगिता सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान जब नन्हे पहुंचा तो उसने बेटी को अंदर जाने के लिए कहा लेकिन योगिता अंदर नहीं गई तो पिता ने गुस्से में उस पर ईंट फेंकी। ईंट सिर पर लगने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर-शराबा होने पर परिजन आनन-फानन उसे एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय ले गए। उसकी गंभीर हालत को देखते हए डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि नन्हे एक फार्म हाउस में मेहनत-मजदूरी करता है। वह मानसिक रूप से परेशान रहता है, जिसके चलते उसे समय-समय पर अत्यधिक गुस्सा आ जाता है। योगिता की दो साल की एक बहन भी है।



## सड़क हादसे में पोते की मौत की खबर सुनकर दादी ने भी तोड़ा दम

खटीमा। आलावृद्धि-बघियाघाट मार्ग पर सोमवार रात सड़क दुर्घटना में पोते की मौत से लगे सदमे के बाद दादी ने भी दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि पोते की मौत का समाचार सुनने के बाद बुजुर्ग महिला की हालत बिगड़ गई थी। मंगलवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। सोमवार रात ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से पचपेड़ा निवासी सचिन सिंह राणा और उनके साले नौगवांनाथ निवासी सुरेश सिंह राणा की मौत हो गई थी। परिजनों ने बताया कि सचिन की मौत की खबर मिलने के बाद सोमवार रात को ही उनकी चचेरी दादी छिदयावती देवी (83) की तबीयत बिगड़ गई थी। परिजन उन्हें सुबह खटीमा उप जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, मंगलवार सुबह सचिन और सुरेश का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए गए।

## आबकारी टीम ने शराब की कई भट्टियां तोड़ीं

रुद्रपुर। आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद आबकारी महकमा एक्शन में आ गया है। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जिला आबकारी



आयुक्त की अगुवाई में टीम ने रुद्रपुर क्षेत्र के रायपुर, अमरपुर और अर्जुनपुर में दबिश दी। टीम ने गेहूं के खेतों और नालों के किनारे कच्ची शराब बनाने के लिए लगाई गई 12 भट्ठियां तोड़ीं। टीम के आने की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार हो गए। टीम के पहुंचने पर सभी भट्टियां धधकती पाई गई थीं। आबकारी अधिकारी महेंद्र बिष्ट ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 370 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण जब्त किए गए। टीम ने 12000 किलो लहन को नष्ट कर दिया। बताया कि इस मामले में अज्ञात लोगों पर आबकारी अधिनियम में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए गए हैं।

## अब्दुल रऊफ को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के छोटे भाई शहीद अब्दुल रऊफ सिद्दीकी की 26वीं पुण्य तिथि पर अब्दुल रऊफ सिद्दीकी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मतीन ने कहा कि अब्दुल रउफ सिद्दीकी ने लोगों को अपनी लड़ाई लड़ना सिखाया। चाहे अमीर हो या गरीब सबके साथ हमदर्दी दिखाई। उन्होंने 1993 में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली थी और 1998 में 31 वर्ष की उम्र में अपना पहला लोक सभा इलेक्शन भी लड़ा। जिसमें उन्होंने 88,000 वोट पाकर बड़े बड़े नेताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। 19 मार्च 1998 को उनकी हत्या करदी गई। उन्होंने कहा कि आज भी अब्दुल रउफ सिद्दीकी लोगों के दिलों में जिंदा है।श्री सिद्दीकघे ने कहा कि शहीद अब्दुल रउफ सिद्दीकी को असली श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके पद चिन्हों पर चल कर उनके कार्यों को आगे बड़ाने के साथ साथ उनके अधूरे सपनों को साकार करें।



## राजाजी नेशनल पार्क भेजने के लिए बाघ को किया चिन्हित

रामनगर (उद संवाददाता)। राजाजी नेशनल पार्क में बाघों के कुनबे को बढ़ाने को लेकर 2 वर्ष पूर्व कॉर्बेट पार्क से बाघों को राजाजी नेशनल पार्क भेजने की प्रक्रिया शुरू हुई थी,कॉर्बेट पार्क से 5 बाघों को राजाजी भेजा जाना था,जिस क्रम में अभी तक 4 बाघों को भेजा जा चुका है,वहीं आखरी पांचवे बाघ को भी चिन्हित कर लिया गया है। कॉर्बेट प्रशासन द्वारा चिन्हित किये गए बाघ को ट्रेंकुलाइज कर जल्द ही राजाजी नेशनल पार्क भेजा जाएगा। विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से 5 बाघों को राजाजी नेशनल भेजने की प्रक्रिया गतिमान है,2 वर्षों में अब तक 4 बाघों को राजजी नेशनल पार्क भेजा जा चुका है,वहीं अब कॉर्बेट प्रशासन 5 बाघ को राजाजी भेजने को लेकर तैयारियों में जुट गया है। जानकारी देते हुए कॉर्बेट के डिप्टी डायरेक्टर दीगांत नायक ने बताया कि कॉर्बेट से पांच बाघों को राजाजी नेशनल पार्क भेजा जाना है। इसमें से अब तक 3 बाघिन व एक नर बाघ को राजाजी नेशनल पार्क भेज दिया है। दीगांत नायक ने बताया कि अब पांचवे बाघ को राजाजी भेजने को लेकर बाघ को हमारे द्वारा चिन्हित कर लिया गया है,उन्होंने बताया कि यह नर बाघ है,जिसको हमारे पार्क के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम द्वारा ट्रेंकुलाइज करने को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है,उन्होंने बताया कि जल्द ही इस बाघ को नॉन टूरिस्ट जोन से ट्रेंकुलाइज कर राजाजी नेशनल पार्क हरिद्वार भेजा जाएगा।बता दें कि इस बाघ को ढेला -झिरना क्षेत्र के नॉन टूरिज्म जोन से ट्रेंकुलाइज कर राजाजी भेजने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बता दें कि पिछले 2 वर्षों में कॉर्बेट पार्क से 3 बाघिन व एक नर बाघ को भेजा जा चुका है। वहीं अब पांचवे को भेजने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कुल 3 बाघिन व 2 नर बाघ को राजाजी नेशनल पार्क हरिद्वार भेजा जाना है।



## पांचों सीटों पर होगी भाजपा की जीत: टम्टा

रामनगर (उद संवाददाता)।देर शाम अल्मोड़ा पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा रामनगर में पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय पहुंचे जहां स्थानीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नगर अध्यक्ष मदन जोशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। अजय टम्टा ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि यह चुनाव विकास के विजन को लेकर लड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर भाजपा के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केवल देश की जनता को ठगने के साथ ही वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। अजय टम्टा ने कहा कि आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी कांग्रेस की नीतियों से परेशान होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं उन्होंने कहा कि 2019 का लोकसभा चुनाव वह इस क्षेत्र से 2 लाख 32 हजार वोटो से जीते थे लेकिन इस बार वह यह चुनाव संसदीय क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से पांच लाख वोटों से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री ने पहाड़ों में सड़के पहुंचाने के साथ ही नेट कनेक्टिविटी और एयर कनेक्टिविटी का तोहफा जनता को दिया है तो वही पर्वतीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों के घरों में बिजली और पानी पहुंचाने का काम करने के साथ ही गरीब जनता को गैस और मुफ्त राशन देने का भी काम किया है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचो सीटों पर जहां एक और पार्टी प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत होगी तो वही देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनेगी।



## चोरी के चार दोपहिया वाहनों सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। चोरी के चार दोपहिया वाहनों सहित पुलिस ने एक आटो लिफ्टर को गिरफ्तार कर लिया। शहर और आस पास वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घटनाओं के अनावरण के निर्देश दिये थे जिस पर पुलिस टीम का गठन कियाग या। टीम ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग करते हुए गदरपुरा तिराहे के पास एक संदिग्ध मोटर साईकिल से आ रहे एक व्यक्ति को रोककर चैक किया तो उसके द्वारा चलाई जा रही मोटर साइकिल चोरी निकली। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ उर्फ गटुवा पुत्र जफीर अहमद निवासी डोंगपुरी गदरपुर बताया। पूछताछ में उसने बताया कि यह मोटर साइकिल उसने 13 मार्च 2024 को रेड रोड कान्वेन्ट स्कूल गदरपुर के पास से चोरी की थी। मोटर साईकिल को चेसिस नम्बर से चैक करने पर इसका रजिस्ट्रेशन नम्बर यूके 06एआर 7491 प्रदर्शित हो रहा था जो अमित कुमार पुत्र बाके लाल निवासी वार्ड न0 3 थाना गदरपुर के नाम पर पंजीकृत है। सख्ती से पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने इससे पहले भी उत्तर प्रदेश के रामपुर तथा आसपास के जनपदों से तथा उत्तराखण्ड में दोपहरिया वाहन चोरी किये हैं जिन्हे उसने कुलवन्त नगर डैम की झाडियों में छुपा रखा है। उसकी निशानदेही पर कुलवन्त नगर की झाडियों से दो स्कूटी और एक मोटरसाईकिल बरामद की गयी। आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करने के उपरान्त माननीय न्यायालय पेश किया गया।



## कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत

पंतनगर।क्षेत्र में आये दिन हो रहे सड़क हादसे रूकने का नाम नहीं ले रहे हें। पंतनगर रुद्रपुर हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। फूलबाग सेंटर पंतनगर निवासी मोहन राम (50) पुत्र शंभु दयाल सिडकुल की किसी फैक्टरी में काम करता था। वह फूलबाग गेट के पास किसी के आवास में सर्वेंट क्वार्टर में रहता था। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ड्यूटी के बाद वह साइकिल से घर की ओर आ रहा था। इसी दौरान रुद्रपुर-लालकुआं हाईवे पर औषधीय पौध संस्थान के पास तेज रफ्तार कार ने साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोहन गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे विवि के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यहां से शव को जिला अस्पताल ले जाया गया, वहां भी डॉक्टरों ने मोहन की मौत की पुष्टि की। इधर खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक हादसे को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। इसके लिए हाईवे पर लगे सीसीटीवी चेक किए जा रहे है।

# राष्ट्रीय सिटिंग पैरा-वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जयपुर के सवाई मानसिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने जा रही 12वीं राष्ट्रीय सिटिंग पैरा-वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए उत्तराखंड की पुरुष एवं महिला टीम का चयन रुद्रपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में पैरालंपिक एसोसिएशन आफ उत्तराखंड द्वारा किया गया। पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव प्रेम कुमार ने बताया कि जयपुर के सवाई मानसिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में 29 से 31 मार्च को यह प्रतियोगिता पुरुष और महिला दोनों वर्ग में आयोजित की जा रही है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से पुरुष वर्ग में 12 राज्यों से एवं महिला वर्ग में 6 राज्यों की टीमें हिस्सा लें रही है जिसमें उत्तराखंड का प्रतिभाग करने के लिए टीम का चयन स्पोर्ट स्टेडियम रुद्रपुर में पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से नामित मुख्य चयनकर्ता अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी शरद जोशी, भारत कुमार, संदीप चौधरी के द्वारा उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से ट्रायल में पहुंचे खिलाड़ियों का चयन किया गया। पुरुष वर्ग में हरीश चौधरी,मनजीत सिंह, अनिल राणा, धन सिंह कोरंगा, नवीन चौहान, दीपक शर्मा, अजय बराई, आलोक तिवारी, बाबू सिंह, आशीष सैनी, मोव यासीन, शिव सिंह, नरेश कुमार, रविन्द्र कुमार एवं महिला वर्ग में रेखा मेहता, मोहनी कोरंगा, राधा कुमारी, पूजा, गंगावती, मनीषा, शांति देवी,लक्ष्मी देवी, रोशनी,रजनी,पुष्पा देवी,तारा, काजल राणा, मनीषा,कविता का चयन किया गया। पुरुष वर्ग में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरीश चौधरी एवं महिला वर्ग में रेखा मेहता को कप्तानी सौंपी गई।



# महिला सुंदरकांड ग्रुप ने खेली होली

काशीपुर( उद संवाददाता)। कुमाऊं के प्रवेश द्वार के रूप में पहचान रखने वाले पौराणिक शहर काशीपुर के ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में होली की जबरदस्त धूम मची है। रंग गुलाल लेकर होलयारों की टोली जहां ढोलक मजीरों की थाप पर एक और फगुआ के गीत में मदमस्त होकर थिरक रही है तो वहीं दूसरी ओर महिलाओं और पुरुषों की बैठकी और खड़ी होली ने लोगों को रंगों की खुमारी में अभी से डुबो दिया। इसी क्रम में मां मनसा देवी सुंदरकांड ग्रुप से जुड़ी महिलाओं द्वारा बीते दिवस गिरीताल मंदिर परिसर में जमकर होली खेली। महिलाओं ने मंदिर परिसर में एकत्रित होकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाने के बाद होली की पारस्परिक शुभकामनाएं देते हुए देर तक होली के गीत गाए। इस बीच ढोल मंजीरे की तान पर बारी-बारी से महिलाओं ने नृत्य करते हुए माहौल को खुशनुमा बना दिया। होली की मस्ती में डूबी महिलाओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महिला अधिवक्ता श्रीमती सिंधु आकाश, नीमा पांडेय, शोभा चतुर्वेदी, शीला शर्मा, सरोज सेतिया, नमिता पंत व शुभ्रा शर्मा समेत बड़ी तादाद में स्थानीय महिलाएं मौजूद रही।वहीं प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां मनसा देवी सुंदरकांड ग्रुप द्वारा माता की चौकी का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान मां दुर्गा के भक्तों की भारी भीड़ जुटी। गिरी लाल मंदिर में संगठन से जुड़ी महिलाओं ने महिषासुर मर्दिनी माता की विधवा पूजा अर्चना के साथ माता की चौकी का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भजन कीर्तन एवं नृत्य करते हुए घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर रीता नागर, एडवोकेट श्रीमती सिंधु आकाश, मंजू सक्सेना, ममता अग्रवाल, निधि शर्मा, माया, स्वाती, एवं शोभा चतुर्वेदी आदि महिलाएं प्रमुख रूप से मौजूद रही। आयोजन के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।



# गुंडा एक्ट में चार लोग निरुद्ध

काशीपुर( उद संवाददाता)। सन्निकट लोकसभा चुनावों को निर्विघ्न तरीके से संपन्न कराने को लेकर आईटीआई पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर अपराध ी प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही की। जानकारी के मुताबिक आलू फार्म थाना आईटीआई निवासी इदरीश पुत्र अली हसन, मंगल बाजार आलू फार्म निवासी सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा पुत्र मक्खन सिंह, ग्राम खाईखेड़ा निवासी परमजीत सिंह पुत्र पूरन सिंह तथा यही के राहुल पुत्र छोटे के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही कर दी। इसी तरह वार्ड नंबर एक मोहल्ला विजयनगर महुआ खेड़ा गंज निवासी कंचन पत्नी स्वर्गीय धर्मपाल, ग्राम मढैया देवी, पैगा थाना आईटीआई निवासी संगीता पत्नी स्वर्गीय राकेश, ग्राम पैगा निवासी अजय कुमार पुत्र हरकेश सैनी, ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी अजय कुमार पुत्र छोटे, ग्राम कटैया पैगा निवासी सुमित सिंह पुत्र सूरज सिंह, ग्राम गिन्नीखेड़ा निवासी साहब सिंह पुत्र स्वर्गीय महेंद्र सिंह, ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी निशु पुत्र छोटे, वार्ड नंबर 6 महुआ खेड़ा गंज निवासी सोमवीर सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह, ग्राम बांसखेड़ा खुर्द निवासी दीपक कुमार पुत्र जग्गा सिंह, ग्राम कटैया निवासी मेहंदी हसन पुत्र नजीर अहमद, महुआ खेड़ा गंज निवासी विपिन कुमार पुत्र महिपाल, ग्राम खाईखेड़ा निवासी मंजीत सिंह पुत्र बाज सिंह, यहीं के मंगत सिंह उर्फ मंगू पुत्र बंता सिंह, ग्राम बांसखेड़ा खुर्द निवासी विजय सिंह पुत्र स्वर्गीय धर्म सिंह, तथा ग्राम गिन्नीखेड़ा निवासी राजवीर सिंह पुत्र महावीर सिंह की अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उपरोक्त सभी के खिलाफ धारा 110 जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की गई।

# ध्वज स्थापना के साथ होली कार्यक्रम शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री रामलीला कमेटी द्वारा आज से होली के कार्यक्रमों की शुरुआत कर दी गई। कमेटी के रिसीवर व नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई द्वारा रामलीला संचालन समिति के सदस्यों के साथ ध्वज स्थापना कार्यक्रम किया गया। पंडित गोपाल दत्त भट्ट द्वारा बताया गया आज शुभ मुहूर्त में श्री गणेश भगवान की पूजा पाठ कर देवताओं को रंग लगाकर आज से होली के कार्यक्रमों की शुरुआत



कर दी गई है। रिसीवर एपी वाजपेई ने बताया कि 24 मार्च की रात्रि होलिका दहन किया जायेगा जबकि 25 मार्च को होली रंग खेला जाएगा। उद दौरान पूर्व संचालन समिति से विवेक कश्यप, बिंदेश गुप्ता, वेद प्रकाश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, तनुज गुप्ता, मनोज गुप्ता, गोविंद बगड़वाल, राजेंद्र बिष्ट, भवानी शंकर, रूपेंद्र नगर, विजय गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# मीना शर्मा को चुनाव के लिए हरिद्वार में मिली जिम्मेवारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा को हरिद्वार शहर और हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला द्वारा नई जिम्मेदारी दिये जाने के बाद मीना शर्मा ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 2 दिन के लिए हरिद्वार जाएंगी, जहां वह जिला एवं महानगर महिला कांग्रेस कमेटी हरिद्वार की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संपर्क करेंगी और लोकसभा चुनाव में महिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर चर्चा करेंगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास है कि वह महिलाओं को सक्रिय करेगी और उनमें ऊर्जा का संचार कर लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेंगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस की प्रत्येक कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में बूथ स्तर से लेकर चुनाव प्रचार की कमान स्वयं अपने हाथों में लेगी स और पार्टी प्रत्याशियों को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह नैनीताल,उधम सिंह नगर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए वह कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।



# गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर बर्फ हटाने में जुटे मजदूर

रूद्रप्रयाग। मौसम ने साथ दिया तो आगामी एक अप्रैल से केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्य फिर से शुरू हो जाएंगे। पुनर्निर्माण कार्य फिर से शुरू हो जाएंगे। लोक निर्माण विभाग के 70 मजदूरों का दल गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर बर्फ को साफ करते हुए रास्ता बनाने में जुटा है और दल के 25 मार्च तक धाम पहुंच जाएगा। इस यात्राकाल में केदारनाथ में सरस्वती नदी पर पुल, बीकेटीसी भवन और अस्पताल का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। आगामी 10 मई से केदारनाथ यात्रा शुरू होनी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा केदारनाथ तक पहुंच के लिए गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर बर्फ सफाई का काम किया जा रहा है। विभाग का 70 सदस्यीय मजदूर बीते एक मार्च से रामाबाड़ा से लिनचोली के बीच बर्फ को काटकर रास्ता बनाने में जुटा है। केदारनाथ में सभी पुनर्निर्माण कार्य स्थल बर्फ से ढके हुए हैं। साथ ही एमआई-26 हेलिपैड पर भी चार फीट से अधिक बर्फ जमी है। सरस्वती नदी से मंदिर मार्ग व मंदिर परिसर भी बर्फ से लकदक है। लोनिवि ने एक सप्ताह में पैदल मार्ग से बर्फ हटाकर केदारनाथ पहुंचने का लक्ष्य रखा है। ईई विनय झिक्वांण ने बताया कि मौसम ने साथ दिया तो 25 को मजदूर केदारनाथ पहुंच जाएंगे और बर्फ की सफाई के साथ ही आगामी एक अप्रैल से प्राथमिकता से पुनर्निर्माण कार्य भी पुनः शुरू कर दिए जाएंगे। आगामी 10 मई से शुरू होने वाली केदारनाथ यात्रा में बेहतर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग को सीसीटीवी कैमरा से लैस किया जाएगा। यहां हाईवे कुंड से गौरीकुंड तक 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरा संचालन के लिए तीन कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे, जिसमें दो रुद्रप्रयाग और एक सोनप्रयाग में होगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि कैमके लगाने के लिए जरूरी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यात्रा से एक सप्ताह पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएगी।



# चाकू के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तहत बॉर्डर चेकिंग के दौरान पुलिस ने सुरेश कोली पुत्र छोटेलाल निवासी वार्ड नंबर 23 गुरुद्वारे के पास रम्पुरा को एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय पेश किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नवीन बुधानी, एएसआई नवीन जोशी, कांस्टेबल गणेश धानिक, अमित जोशी आदि शामिल थे।



## पेज एक का शेष...

**बोलेरो खाई में..**तक लाया गया और जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। मृतकों की पहचान 53 वर्षीय दरपान सिंह पुत्र भीम सिंह तथा 31 वर्षीय गंगा सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम जर्थी होकारा जिला पिथौरागढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों कब्जे में लेकर उन्हें शव विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

12 **ग्राम स्मैक..**उन्होंने बताया कि तस्कर ने जितने भी नाम बताएं हैं पुलिस उन तस्करों को भी जल्द पड़कर जेल की हवा खिलाएगी। पुलिस ने स्मैक तस्कर को न्यायालय में पेश किया है।

**श्री हरि गुरू सहायता...**अपना रूपया उनके पास जमा करते रहे। दीप कुमार साह द्वारा 7,26,296 रुपये, गोबिंद ढाली द्वारा 87.581 रुपये, सीमा शील द्वारा 76,460रुपये, व अशोक मंडल द्वारा 32,008 रुपये, तथा द्वारा 13,428 रुपये कुल 9,35,773 रुपये जमा करवाया। 6 वर्ष का समय बीत जाने पर सभी के द्वारा अपने रूपये की मांग की तो समिति सदस्यों द्वारा रूपया वापस करने से साफ इन्कार कर दिया और गाली गलौच की व जान से मारने की धमकी दी। जानकारी करने पर पता चला कि यह कोई रजिस्टर्ड समूह नहीं है तथा समिति द्वारा अपना ऑफिस स्थित स्वर्ग फार्म थाना बिलासपुर, जिला रामपुर भी बंद कर दिया है। उनके द्वारा झूठे आश्वासन देकर सारा रुपया हड़प लिया। मामले की सूचना थानाध्यक्ष, थाना ट्रांजिट कैंप को दी परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। रजिस्टर्ड डाक द्वारा सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रेषित की जिस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। अधिवक्ता अभिषेक गुप्ता द्वारा न्यायालय में मामले के साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पैर फिसलने से ...**होते हुए पुलिस ने एक घंटे तक खाई में रेस्क्यू अभियान चलाया। खाई में रेस्क्यू अभियान चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद 30 वर्षीय पंकज बाला पुत्र परिमल बाला निवासी रुद्रपुर का शव मिला। पंकज को खाई से बाहर निकालकर भीमताल सीएचसी लेकर आए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बुधवार सुबह शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि मृतक के साथी से पूछताछ चल रही है। परिजनों से भी पूछताछ की जाएगी। मृतक मकानों में पीओपी लगाने काम करता था। मंगलवार को वह अपने साथी पंकज विश्वास के साथ बाइक से भीमताल घूमने आया था। देर शाम हल्द्वानी लौटते समय बोहराकून में सुसाइड प्वाइंट के पास यह हादसा हो गया।

**दर्जनों मुस्लिम युवाओं...**नगर महामंत्री मनोज वाधवा एवं अध्यक्षता नगर अध्यक्ष जीवन सिंह धामी ने की। सदस्यता लेने वालों में अलाउद्दीन सैफी, मोहम्मद नूर, गुड्डू कुरेशी, आरिफ अंसारी, अरशद शहंशाह, हसन, नादिर राजा, कृष्ण कुमार सक्सेना, अफजल, नासिर, नदीम, पवन कुमार, रहीम, जीशान, शकील, साजिद आदि शामिल थे। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन किन्ना, प्रकाश पांडे, अमित पांडे, बिमला मंडेला, रेनू भंडारी, इंदिरा चंद, ललित जोशी, कपिल सामंत, राजू कुरैशी, जावेद रिजवी, सद्दाम राजा, सरफराज हुसैन, रशीद मिर्जा, अशोक बत्रा, संतोष, गौरव, भवानी भंडारी, हाफिज रहमान, भुवन भट्ट, ओमप्रकाश ठाकुर, किशन बिष्ट आदि मौजूद थे । वहीं बूथ नंबर 8 एवं 9 में शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न की गई जिसमें लक्ष्य रखा गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक बूथ से कम से कम 55 प्रतिशत वोट का मतदान भारतीय जनता पार्टी में कराया जायेगा। मुख्य वक्ता के रूप में नंदन सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, राहुल सक्सेना, विश्वनाथ यादव, अभिषेक सागर, अभिषेक पाल, मनोज यादव, हरीश सागर, चरणजीत श्रीवास्तव, राहुल पाल, आकाश सागर, रिजवान अंसारी, मनीष अंसारी, दीपक सागर, शिवम गुप्ता, विजय शर्मा, अमित सक्सेना आदि बूथ कार्यकर्ता पन्ना प्रमुख उपस्थित रहे।

# शराब सहित दो को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने चैकिंग के दौरान अलग अलग स्थानों से दो लोगों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया । जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक हेमचंद्र सिंह व कांस्टेबल भूपाल सिंह चैकिंग के दौरान शांतिपुरी गेट पर तिराहे के पास उमर सिंह पुत्र जगदीश निवासी गोलगेट नगला थाना पंतनगर को कट्टे के अन्दर रखे 80 पाउच सहित गिरफ्तार कर लिया। जबकि अपर उप निरीक्षक केशव राम विश्वकर्मा व कानि. धीरेन्द्र कुमार द्वारा मुखबिर की सूचना पर फुलसुंगी पथ शिखर स्कूल के पास अवैध शराब बेच रहे बलजीत सिंहपुत्र दर्शन सिंह निवासी फुलसुंगा ट्रांजिट कैम्प को जनकिन में भरी 30 लीटर अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम प्रियंका गाबा से बदलकर प्रियंका कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे प्रियंका पत्नी सचिन कुमार के नाम से जाना पहचाना जाए।

वर्तमान पता ग्राम- मिलख कुरैया आंशिक पोस्ट-दरऊ, रुद्रपुर जिला- उधम सिंह नगर



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# महिला आयोग की सदस्य ने सीएम का जताया आभार

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त सदस्य कंबलजीत कौर औजला ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं सरोपा भेंट कर उनका आभार जताया। इसके साथ ही अपने क्षेत्र की कुछ समस्याओं से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने बधाई देते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आयोग हेतु नामित सभी 14 सदस्य अपने इस कार्यकाल में महिला अधिकारों के संरक्षण व रक्षा तथा महिलाओं पर होने वाली हिंसा के विरुद्ध कार्रवाई में सहायक



सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं की सुरक्षा उनके अधिकारों व उनके प्रति सभी निर्णयों में अत्यंत संवेदनशील है। यह बहुत ही गर्व का विषय है कि आज की सरकार महिला के लिए विभिन्न योजनाओं के साथ महिला सशक्तिकरण के लिए अनेकों राह तैयार कर रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा,प्रधान रविंद्र सिंह,परमजीत सिंह (पम्मा), अनिल कपूर (डब्बू) मंडी परिषद अध्यक्ष, प्रदेश मंत्री सरदार चंडोक, प्रदेश सचिव विकास शर्मा साहित मौजूद रहे।

# देवर देवरानी ने दिव्यांग भाभी पर डाला खौलता दूध

गदरपुर (उद संवाददाता)। मामूली बात पर देवर और देवरानी ने अपनी दिव्यांग भाभी के ऊपर खौलता हुआ दूध फेंक दिया। गंभीर हालत में महिला को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना गदरपुर में दी गई तहरीर के मुताबिक गदरपुरा के रहने वाले सद्दाम हुसैन पुत्र अखलाक हुसैन का विवाह शबनम से अक्टूबर 2022 में हुआ था। तहरीर के मुताबिक सददाम हुसैन की पहले शादी हो चुकी थी पहली बीवी से सद्दाम हुसैन के 3 बच्चे है। पीड़ित शबनम जोकि 70 प्रतिशत विकलांग थी। सददाम हुसैन के तीनो बच्चों के साथ शबनम की अच्छी खासी बनती थी, बच्चे उसे अपनी सगी मां जैसा प्यार देते थे, शबनम भी तीनो बच्चे को बहुत प्यार करती है। अच्छा व्यव्हार करती है। जिसकी वजह से शबनम की

## गंभीर हालत में महिला को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया

देवरानी नाजिया व देवर सज्जाद हुसैन इस चीज को लेकर चिढ़ते थे उसकी देवरानी नाजिया बच्चो को आये दिन बिना बात के थप्पड़ मारती रहती थी और साथ ही शबनम को दिव्यांग होने का ताना भी मारती थी, कई बार समझाया गया तो उल्टा गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देती थी। आरोप है कि 15 मार्च की दोपहर शबनम की पुत्री मन्नु उम्र 5 साल जोकि नल पर पानी भरने गई थी तो नाजिया बिना वजह के उसको मारने लगी। जब शबनम ने विरोध किया तो नाजिया व सज्जाद हुसैन ने शबनम के साथ मारपीट शुरू कर दी। सज्जाद हुसैन ने शबनम के हाथ पकडकर देवरानी नाजिया ने गैस पर उबल रहा गर्म दूध शबनम के शरीर पर फेंक दिया, जिसकी वजह से शबनम की पीठ व हाथ से बुरी झुलस गये। पीड़िता की मां ने बताया कि झुलसी हुई शबनम को समय से अस्पताल नही पहुंचाया गया और बार बार घरवालों के फोन करने के बाद भी शबनम से बात नहीं कराई गई, जब पीड़िता की मां और पिता उसके ससुराल पहुंचे तब उन्होंने उसको लेकर थाने में शिकायत दर्ज करवाई और साथ ही रुद्रपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से शबनम को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। गदरपुर थाना अध्यक्ष का कहना है की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# सोशल मीडिया में प्रचार सामग्री अपलोड करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नोडल अधिकारी एमसीएमसी/अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि इलेक्ट्रानिक मीडिया, पोर्टल,वैबसाईट आदि संचालित करने वाले बिना अनुमति के प्रचार सामग्री का प्रकाशन एवं सोशल मीडिया में अपलोड करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। शिकायत पाए जाने पर आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप संबंधित सोशल मीडिया के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद में एमबीपीजी कालेज कक्ष संख्या-5 में अनुमति हेतु एमसीएमसी कार्यालय सक्रिय हो गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की जानकारी एवं अनुमति हेतु दूरभाष नम्बर- 05946- 297148/ 297136/297146 /297137 तथा टोल फ्री नंबर 1950 है।

# भाविप उधम सिंह शाखा के विनय बने अध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद् रूद्रपुर की शहीद ऊधम सिंह शाखा के चुनाव में विनय बंसल



अध्यक्ष निर्वाचित किये गये। वर्ष 2024-25 के लिए अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु बुलाई गई बैठक में चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी प्रांतीय नेत्रदान संयोजक वीरेन्द्र सुखीजा की देखरेख में संपन्न कराई गई। इस दौरान अध्यक्ष पद पर विनय बंसल, सचिव पद पर अजय अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पद पर विकास गुंबर को मनोनीत किया गया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी का सभी फूल मालाओं से स्वागत करते हुए बधाई दी। अध्यक्ष विनय बंसल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गयी है उस पर पूरी निष्ठा से काम करते हुए संगठन के कार्यों को वरिष्ठ जनों के दिशा निर्देश के अनुसार आगे बढ़ाया जायेगा। बैठक में राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सदस्य ऑनलाइन भारत को जानो नरेंद्र अरोरा का भी मौजूद रहे।

# नदियों का चैनलाइजेशन नही होने पर नैनीताल व हरिद्वार के जिलाधिकारियों को अवमानना का नोटिस जारी किया

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने पूर्व के आदेश का पालन नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए नैनीताल व हरिद्वार के जिलाधिकारियों को अवमानना का नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार चोरगलिया हल्द्वानी निवासी भुवन चंद्र पोखरिया ने अवमानना याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखंड में बरसात के समय नदियां उफान में रहती है। नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण बाढ़ व भूकटाव होता है। जिसके चलते आबादी क्षेत्र मे जलभराव होता है। नदियों के उफान पर होने के कारण हजारों हैक्टेयर वन भूमि, पेड़, सरकारी योजनाएं बह जाती हैं। नदियों का चैनलाइजेशन नही होने पर नदियां अपना रुख आबादी की तरफ कर कर देती हैं। जिसकी वजह से उधमसिंह नगर, हरिद्वार, हल्द्वानी, रामनगर, रुड़की व देहरादून में बाढ़ की स्थिति पैदा होती है। कहा गया कि पिछले साल बाढ़ में कई पुल बह गए थे। आबादी क्षेत्रों में बाढ़ आने का मुख्य कारण सरकार की लापरवाही है। सरकार ने नदियों के मुहानों पर जमा गाद, बोल्डर व मलबा नहीं हटवाया। अवमानना याचिका में कहा गया कि सरकार ने उच्च न्यायालय के 14 फरवरी 2023 के आदेश का पालन नहीं किया गया। जिसकी वजह से प्रदेश में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हुई और सरकार को एक हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार संबंधित विभागों को साथ लेकर नदियों से गाद, मलबा व बोल्डर हटाकर उन्हें चौनलाइजेशन करे ताकि बरसात में नदियों का पानी बिना रूकावट के बह सके। लेकिन अभी तक सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया, जबकि कुछ माह बाद बरसात का सीजन शुरू हो जाएगा। अवमानना याचिका में नैनीताल व हरिद्वार के वर्तमान जिलाधिकारियों को पक्षकार बनाया गया है। पोखरिया ने अपने केश की पैरवी स्वयं की।

# भरत ने पॉवर लिफ्टिंग में एक गोल्ड व तीन कांस्य जीते

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड पॉवर लिफ्टिंग चौंपियनशिप का आयोजन काशीपुर में 15 से 17 मार्च तक हुआ था। जिसमें प्रतिबिम्ब जिम के खिलाड़ी भरत गुणवंत ने 53 से 59 किलो भारवर्ग में डेडलिफ्ट में गोल्ड मैडल, बेंचप्रेस में कांस्यपदक और स्क्वायड में कांस्यपदक सहित 3 पदक जीतकर हल्द्वानी शहर का नाम रोशन किया। प्रतिबिंब जिम के खिलाडी ललित कांडपाल, सार्थक, त्रिलोक ने भी अपने अपने भारवर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। साथ ही प्रतिबिंब जिम के अन्य खिलाड़ियों द्वारा भी काशीपुर चेम्पियनशिप में पदक हासिल किये जिसमें भूपेश ने सिल्वर, सुमित ने सिल्वर, कार्तिक



ने सिल्वर एवं मुकेश ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतिबिम्ब जिम में अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता मुकेश पलट एवम् नेशनल चैंपियन भगवंत खोलिया की अध्यक्षता में सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। जिम के संस्थापक और उत्तराखंड बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव पवन वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# सेना के जवान की मौत मामले में चालक पर मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बीती 18 मार्च को रुद्रपुर से हल्द्वानी आते समय टांडा जंगल के पास स्कूटी और कैंटर में टक्कर हो गई थी। जिसमें स्कूटी चालक सेना के जवान की मौत हो गई थी। मामले में मृतक के ससुर दुर्गा सिंह निवासी छड़ायल सुयाल ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी तहरीर में ससुर ने पुलिस को बताया है कि उनका दामाद ललित सिंह हाल निवासी सैनिक कॉलोनी, पोस्ट हरिपुर नायक, हल्द्वानी व स्थायी निवासी ग्राम बारातोली, पिथौरागढ़ सेना में कार्यरत था। आरोप लगाया कि रुद्रपुर से हल्द्वानी आते समय उनके दामाद को टांडा जंगल के पास विपरीत दिशा से आ रहे कैंटर डीएल01एलएएच 4103 ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान दामाद की मृत्यु हो गई थी। कैंटर चालक ने अपना नाम जवाहर सिंह, निवासी उत्तम विहार वैस्ट दिल्ली बताया। इधर, ससुर दुर्गा सिंह की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतक मूल रूप से पिथौरागढ़ के रहने वाले ललित सिंह महार रेजिमेंट दिल्ली में तैनात थे। उनके दो बच्चे हैं। दो दिन पहले ही वो छुट्टी पर आए थे।


